न्यायालय सहायक कलक्टर (मुख्यालय), कोटा
पीठासीन अधिकारी – श्रीमती सरोज ढाका, आर0ए0एस0

संख्या : दावा–28ए / 17

निरंजन यादव आत्मज श्री बालचन्द यादव, जाति अहीर, निवासी आदर्श स्कूल, केवल नगर, जिला कोटा

– वादी

वनाम

1. कन्हैयालाल यादव आत्मज श्री बालचन्द यादव, निवासी केवल नगर, जिला कोटा
2. मदनलाल यादव आत्मज श्री बालचन्द यादव, निवासी गुरूकृपा कोलोनी, निवारू, जिला जयपुर
3. मधुसूदन आत्मज श्री बालचन्द यादव, निवासी अम्बे जूस सेन्टर, इन्द्रा मार्केट, बून्दी
4. हरिओम यादव आत्मज श्री बालचन्द यादव, निवासी केवल नगर, जिला कोटा
5. रतन बाई पुत्री श्री बालचन्द यादव द्वारा ओम प्रकाश यादव, निवासी मुकुट महेन्द्र फर्म, भामाशाह मण्डी, कोटा
6. मनोरमा बाई पत्नी श्री मुकुट बिहारी यादव, निवासी मण्डाना, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा

– प्रतिवादीगण

प्रार्थना पत्र वास्ते प्रकरण विड्रोल करने

वाद अन्तर्गत धारा 53, 188 आर.टी.ए.

उपस्थिति :– श्री धीरज कुमार जैन, वादी अभिभाषक

दिनांक : 30.09.2019

निर्णय

वादी की ओर से एक प्रार्थना पत्र बाबत वाद विड्रो पेश कर निवेदन किया गया कि उक्त उनवानी प्रकरण में प्रार्थी व अप्रार्थीगण के मध्य आपसी समझाईस व बातचीत से विवाद का निपटारा हो गया है। प्रार्थी उक्त प्रकरण में अब कोई कार्यवाही न्यायालय के माध्यम से नहीं चाहता है। प्रार्थी उक्त प्रकरण को पुनः विवाद होने पर दुबारा प्रस्तुत करने के अपने अधिकार को सुरक्षित रखते हुये प्रकरण विड्रोल करना चाहता है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर श्रीमान से निवेदन है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर प्रार्थी के प्रकरण को विड्रोल किये जाने का आदेश प्रदान करने की कृपा करें।

हमने विड्रोल प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 23 नियम 1 के अनुसार ''वाद संस्थित किये जाने के पश्चात किसी भी समय वादी, सभी प्रतिवादियों या उनमें से किसी के विरूद्ध अपने वाद का परित्याग कर सकेगा।''

अतः प्रार्थना प्रार्थी (वादी) बाबत वाद विड्रो स्वीकार कर वाद वादी एज विड्रो खारिज किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है। उक्त वाद के साथ पेश किया गया प्रार्थना पत्र प्रकरण संख्या 40/17 सारहीन होने से स्वतः ही खारिज माना जावे।

यह निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 30.09.2019 को सरे इजलास सुनाया गया।

(सरोज ढाका), RAS
सहायक कलक्टर
(मुख्यालय), कोटा

सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक दण्डनायक (मुख्यालय) कोटा (राज.)

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Saroj Dhaka
Date: 2019.11.14 14:15:32 IST
Reason: SelfAttested